# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,

प्लाट नं0—बी—26 / 63, मकान नं0—537, आनन्द नगर, रायबरेली—229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 942 / एम—20 / 73 दिनांक 10.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :— <u>ई— समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 10.05.2026 को प्रकाशित ''परशदेपुर में जल जीवन मिशन के कार्य अधूरेरू' आदर्श नगर पंचायत की सडकें बदहाल, आवागमन प्रभावित '' के सम्बन्ध में।</u>

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई— समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 10.05.2026 को प्रकाशित '**''परशदेपुर में जल जीवन मिशन के कार्य अधूरेरू' आदर्श नगर पंचायत की सडकें बदहाल, आवागमन प्रभावित** शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:—

| प्रकाशित खबर | आख्या |
| --- | --- |
| परशदेपुर आदर्श नगर पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत हुए विकास कार्य अधूरे पड़े हैं। सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें बदहाल छोड़ दिया गया हैए जिससे स्थानीय निवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।<br>जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की गई थी। हालांकिए खुदाई के बाद रास्तों को अधूरा छोड़ दिया गयाए जिससे कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। इंटरलॉकिंग का काम भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।<br>स्थानीय निवासियोंए जिनमें जितेंद्र मोहनए जियाराम और सुंदर शामिल हैंए ने शिकायत की है कि नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज से संपर्क करने पर उन्हें केवल श्दिखवाते हैंश् कहकर आश्वासन दिया जाता है।<br>हाल ही मेंए मेन चौराहा से साकेत नगर जाने वाले मार्ग पर कटारा बाजार के पास एक नाला लंबे समय से बंद था। इसके कारण नाली का पानी इंटरलॉकिंग सड़क पर बह रहा था। शनिवार को इस स्थान पर खुदाई कर पाइप तो डाल दी गईए लेकिन ऊपर से केवल गीली मिट्टी डालकर छोड़ दिया गयाए जिससे समस्या बनी हुई है।<br>इस अधूरे कार्य के कारण चार पहिया वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बाइक सवारों को भी जोखिम उठाकर निकलना पड़ रहा है। रविवार सुबह साकेत नगर की ओर से आ रही एक ट्रैक्टर.ट्रॉली उसी नाले में फंस गईए जिसे निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।<br>स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध मेंए अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी है और सभी रास्तों को जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है ई —समाचार में प्रकाशित यह समाचार कि नगर पंचायत परशदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कराया जा रहा है, तथ्यात्मक रूप से गलत एवं भ्रामक है।<br>स्पष्ट किया जाता है कि नगर पंचायत परसदेपुर क्षेत्र में जल जीवन मिशन का कराया नहीं कराया जा रहा है एवं उक्त नगर पंचायत में कार्य संबंधित नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहा हैं।<br><br>अतः प्रकाशित समाचार का खंन किया जाता है |

संलग्नक—पेपर कटिंग

भवदीय

(एस रहमान)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner